Rapid Fire (करेंट अफेयर्स) 26 दिसंबर, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-26-december-2019

भारत की पहली ट्रांसजेंडर यूनिवर्सिटी:

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के फाजिलनगर खंड में ट्रांसजेंडरों के लिये भारत के पहले विश्विद्यालय की स्थापना की जा रही है। यह देश में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय होगा जहाँ थर्ड जेंडर के लोग शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इसका निर्माण अखिल भारतीय किन्नर शिक्षा सेवा ट्रस्ट (All-India Transgender Education Service Trust) द्वारा किया जा रहा है। इस विश्वविद्यालय में कक्षा 1 से लेकर स्नातकोत्तर तथा Ph.D तक की उपाधि/डिग्री हासिल की जा सकेगी।

केंद्र सरकार आल इंडिया रेडियो:

केंद्र सरकार आल इंडिया रेडियो यानी आकाशवाणी में परिवर्तन करके वर्ष 2024 तक डिजिटल रेडियो लॉन्च करने की योजना बना रही है। आकाशवाणी वार्षिक पुरस्कार समारोह 2019 के दौरान इसकी घोषणा केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई। डिजिटल रेडियो के माध्यम से रेडियो की ध्वनि गुणवत्ता में वृद्धि होगी तथा इसकी रेंज भी काफी व्यापक होगी। ध्यातव्य है कि आल इंडिया रेडियो भारत का राष्ट्रीय रेडियो प्रसारक है। **“बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय”** इसका आदर्श वाक्य है। वर्तमान में आकाशवाणी 23 भाषाओँ तथा 179 बोलियों में कार्यक्रमों का प्रसारण करता है।

गंगा प्रसाद विमल:

हाल ही में हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार गंगा प्रसाद विमल का निधन हो गया। वह हिंदी के जाने माने लेखक, अनुवादक और जवाहरलाल नेहरू विश्विद्यालय के पूर्व प्रोफेसर थे। हिंदी साहित्य जगत में उन्हें ‘अकहानी आंदोलन’ के जनक के रूप में जाना जाता था। उनका **पहला काव्य संग्रह ‘विज्ञप’** वर्ष 1967 में, **प्रथम उपन्यास ‘अपने से अलग’ वर्ष 1972 में तथा पहला कहानी संग्रह ‘कोई भी शुरुवात’** वर्ष 1967 में प्रकाशित हुआ था। उनके प्रसिद्ध कविता संग्रहों में **'बोधि-वृक्ष’, 'इतना कुछ’, 'सन्नाटे से मुठभेड़’, 'मैं वहाँ हूँ’ एवं 'कुछ तो है’** आदि तथा कहानी संग्रह **'कोई शुरुआत’, 'अतीत में कुछ’, 'इधर-उधर’, 'बाहर न भीतर’ तथा 'खोई हुई थाती’** का भी हिंदी साहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान है। उनका **अंतिम उपन्यास 'मानुसखोर’** वर्ष 2013 में प्रकाशित हुआ।

भारत की प्रथम ‘CNG बस’:

भारत को गैस आधारित अर्थव्यवस्था बनाने और CNG को देश में लंबी दूरी के आवागमन का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बनाने की दिशा में एक प्रमुख कदम उठाते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने लंबी दूरी तय करने वाली भारत की प्रथम CNG बस का अनावरण किया। इसमें संयोजित (कंपोजिट) CNG सिलेंडर लगाए गए हैं, जो एक बार पूरी तरह CNG से भर जाने पर लगभग 1000 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है। इस परियोजना को इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (IGL) ने कार्यान्वित किया है। यह उपलब्धि बसों में उत्कृष्ट डिज़ाइन वाले टाइप-IV संयोजित सिलेंडरों के इस्तेमाल से संभव हो सकी है जिसने परंपरागत अत्यंत भारी टाइप-I कार्बन स्टील सिलेंडरों का स्थान लिया है।